Serving Education for Last 40 Years

**NEERAJ®**

# M.H.D.-7

# भाषा-विज्ञान और हिन्दी भाषा

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Hemant Kumar*, M.A. (Hindi)

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 380/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

*Content*

# भाषा–विज्ञान और हिन्दी भाषा

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1

Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—Exam Held in March-2022 (Solved) ........ 1-3

Question Paper—Exam Held in August-2021 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—Exam Held in February-2021 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—December, 2019 (Solved) ........ 1

Question Paper—June, 2019 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—December, 2018 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—June, 2018 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—December, 2017 (Solved) ........ 1-3

Question Paper—June, 2017 (Solved) ........ 1-2


| *S.No.* | *Chapterwise Reference Book* | *Page* |
|---|---|---|


**भाषाविज्ञान**

1. भाषा और संप्रेषण ........ 1
2. भारत में भाषा चिंतन ........ 12
3. भाषाविज्ञान की पाश्चात्य परंपरा ........ 19
4. संरचनात्मक भाषाविज्ञान ........ 30
5. चॉम्स्की तथा रूपांतरण–निष्पादन व्याकरण ........ 38
6. समाजभाषाविज्ञान : भाषा और समाज ........ 45
7. हिन्दी भाषा क्षेत्र 60

**हिंदी संरचना**

8. ध्वनि संरचना : हिंदी की समस्याएँ ........ 68
9. रूप, शब्द और पद ........ 88

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|
| 10. | वाक्य संरचना-I | 100 |
| 11. | वाक्य संरचना-II | 111 |
| 12. | अर्थ संरचना | 120 |
| 13. | प्रोक्ति विश्लेषण | 134 |
| | **अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान** | |
| 14. | मनोभाषाविज्ञान | 144 |
| 15. | भाषा-शिक्षण-I | 153 |
| 16. | भाषा-शिक्षण-II | 164 |
| 17. | अनुवाद | 173 |
| 18. | भाषा तुलना | 186 |
| 19. | शैलीविज्ञान | 194 |
| 20. | कोशविज्ञान | 209 |

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## भाषा-विज्ञान और हिन्दी भाषा

**M.H.D.-7**

*समय : 2 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 50*

***नोट :*** *कुल* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। खंड* ***'क'*** *में से* ***किन्हीं तीन*** *प्रश्नों के तथा खंड* ***'ख'*** *के* ***दोनों प्रश्नों*** *के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**खण्ड-क**

**प्रश्न 1. भाषा विज्ञान की पाश्चात्य परंपरा का संक्षिप्त परिचय दीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-19, 'परिचय', 'भाषा विज्ञान का सूत्रपात', पृष्ठ-20, 'तुलनात्मक भाषाविज्ञान', 'भाषाओं का वर्गीकरण'

**प्रश्न 2. संरचनात्मक भाषा विज्ञान और समाज भाषा विज्ञान में अंतर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-30, 'परिचय', पृष्ठ-32, 'संरचनात्मक भाषाविज्ञान में विश्लेषण की प्रक्रिया', अध्याय-2, पृष्ठ-45, 'समाजभाषा विज्ञान'

**प्रश्न 3. रूप, शब्द और पद को पारिभाषित करते हुए उनका पारस्परिक अंतरा भी बताइए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-88, 'रूप की संकल्पना' पृष्ठ-89, 'शब्द', पृष्ठ-92, 'पद की संकल्पना', पृष्ठ-95, प्रश्न 3*(i)*

**प्रश्न 4. प्रोक्ति का अर्थ बताते हुए प्रोक्ति विश्लेषण का महत्त्व समझाइए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-13, पृष्ठ-135, 'प्रोक्ति', पृष्ठ-136, 'प्रोक्ति विश्लेषण'

**प्रश्न 5. हिन्दी की स्वनिमिक समस्याओं पर विचार कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-80, प्रश्न 2

**प्रश्न 6. हिन्दी में अनुवाद से जुड़ी समस्याओं और उसके समाधान का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-177, 'हिंदी में अनुवाद से संबद्ध समस्याएं तथा निदान'

**खण्ड-ख**

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किन्हीं दो का अंतर स्पष्ट कीजिए–**

**( क ) स्वर और व्यंजन**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-68, 'स्वर और व्यंजन ध्वनियां'

**( ख ) कोड मिश्रण और कोड अंतरण**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-52-53, प्रश्न 4*(i)*

**( ग ) विकारी और अविकारी शब्द**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-97, प्रश्न 3*(iv)*

**( घ ) पश्चिमी हिन्दी और पूर्वी हिन्दी**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-65, प्रश्न 4*(ii)*

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियां लिखिए–**

**( क ) संप्रेषण का सामाजिक परिप्रेक्ष्य**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-3, 'संप्रेषण का सामाजिक परिप्रेक्ष्य'

**( ख ) हिन्दी, उर्दू और हिन्दुस्तानी**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-62, प्रश्न 1

**( ग ) साहित्यिक अनुवाद**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-17, पृष्ठ-177, 'साहित्यिक अनुवाद'

**( घ ) शैली विज्ञान**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-19, पृष्ठ-195, 'शैलीविज्ञान क्या है?'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*December – 2022*

*(Solved)*

## भाषा-विज्ञान और हिन्दी भाषा

**M.H.D.-7**

*समय : 2 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 50*

***नोट :*** *निम्नलिखित में से कुल* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। खंड* ***'क'*** *में से* ***किन्हीं तीन*** *प्रश्नों के तथा खंड* ***'ख'*** *के* ***दोनों प्रश्नों*** *के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**खण्ड - क**

**प्रश्न 1. संप्रेषण के संदर्भ में भाषा के महत्त्व और उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-9, 'भाषा शिक्षण में संप्रेषण का महत्त्व'

**प्रश्न 2. समाजभाषा विज्ञान का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए और इसके सैद्धान्तिक पक्ष पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-45, 'समाज भाषा विज्ञान'

**प्रश्न 3. वाक्य का स्वरूप स्पष्ट करते हुए वाक्य की संरचना के बारे में बताइए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-104, प्रश्न 1, पृष्ठ-102, 'वाक्य की संरचना'

**प्रश्न 4. रूप की संकल्पना स्पष्ट करते हुए इनके प्रमुख प्रकारों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-88, 'रूप की संकल्पना'

**प्रश्न 5. भाषा शिक्षण की प्रमुख विधियों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-15, पृष्ठ-154, 'भाषा-शिक्षण की प्रमुख विधियाँ'

**प्रश्न 6. मनोभाषा विज्ञान की सोदाहरण व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-14, पृष्ठ-144, 'मनोभाषा विज्ञान'

**खण्ड - ख**

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किन्हीं दो का अंतर स्पष्ट कीजिए–**

**( क ) शब्द और पद**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-89, 'शब्द', पृष्ठ-92, 'पद की संकल्पना'

**( ख ) हिंदी और हिन्दुस्तानी**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-61, 'हिंदी, उर्दू और हिंदुस्तानी'

**( ग ) तान और अनुतान**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-71, 'सुर, तान, अनुतान'

**( घ ) अकर्मक और सकर्मक क्रियाएं**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-13, 'क्रिया की संकल्पना'

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियां लिखिए–**

**( क ) अनुवाद का महत्त्व**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-17, पृष्ठ-176, 'अनुवाद की उपयोगिता'

**( ख ) फर्दिनांद सस्यूर का भाषा सिद्धांत**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-30, 'फर्दिनांद सस्यूर (1857-1913)'

**( ग ) भाषा के प्रकार्य**

**उत्तर–**आस्ट्रिया में एक मनोवैज्ञानिक कार्ल ब्रुल्हर हुए, जिन्होंने भाषा के प्रकार्यात्मक सिद्धांतों को लेकर महत्त्वपूर्ण बात कही। इनका मानना था कि भाषा संकेत व्यवस्था है, किन्तु यह सम्प्रेषण का एक उपकरण है। इस उपकरण के माध्यम से वक्ता श्रोता से कुछ कहता है। इस प्रकार भाषा उपयोग के तीन आधारभूत तत्त्व हैं–

वक्ता, श्रोता, विषय संदर्भ

ये तीनों कारक तत्त्व सम्प्रेषण के साथ सहसंबद्ध होते हैं अर्थात् यदि इनमें से एक भी बदल जाए तो सम्प्रेषण बदल जाएगा। इन तीनों आधारों को लेकर उन्होंने भाषा के तीन प्रकार्यों की बात की हैं–

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# भाषाविज्ञान और हिंदी भाषा

भाषाविज्ञान

## भाषा और संप्रेषण

1

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

### परिचय

भाषा मानव जीवन की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है। मानव-सभ्यता को विकसित एवं गतिशील बनाने के लिए संप्रेषण की आवश्यकता के रूप में उच्चरित ध्वनि की एक खास व्यवस्था भाषा कहलाती है। भाषा मूलत: एक संप्रेषण-व्यवहार है तथा ध्वनित इकाइयों के माध्यम से मानव की भावाभिव्यंजन का प्रधान साधन है। संप्रेषण भाषा-व्यवहार से संबंधित एक ऐसा प्रकार्य है, जो भाषा के विविध संदर्भों एवं प्रयोगों को दर्शाता है। अत: संप्रेषण केवल वक्ता और श्रोता के बीच विचारों का आदान-प्रदान ही नहीं करता है, बल्कि आधुनिक युग में यह विज्ञान एवं तकनीक के माध्यम से एक ही साथ संपूर्ण विश्व को संबोधित करने की क्षमता रखता है। बहरहाल संप्रेषण भाषा का अंतिम लक्ष्य न होकर भी महत्त्वपूर्ण साध्य अवश्य है, जिसका विवरण इस अध्याय में दिया गया है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

### संप्रेषण क्या है?

संप्रेषण, भावाभिव्यक्ति का ज्ञापन कराना है। अर्थात् संदेश भेजने एवं ग्रहण करने की सार्थक क्रिया ही संप्रेषण है। मनुष्य अपने विचारों को प्रेषित करने के लिए भाषा एवं भाषेतर दोनों ही प्रकार के उपादानों का प्रयोग करता है। भाषा, मानव के अमूर्त विचारों की अभिव्यक्ति का सर्वोत्तम साधन है, जो संप्रेषण-व्यवहार में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण एवं समर्थ उपादान है। इसके साथ ही आंगिक चेष्टाओं के माध्यम से भी व्यक्ति अपने संदेश को अन्य व्यक्ति के पास प्रेषित करता है। किन्तु मानव जीवन की जटिल से जटिल अभिव्यक्ति अर्थात् ज्ञान-विज्ञान, अर्थव्यवस्था, राजनीति, शासन व्यवस्था, सामाजिक कार्य-व्यापार आदि की अभिव्यक्ति भाषा के वाचिक एवं लिखित रूप से ही संभव है। अत: संप्रेषण का तात्पर्य केवल विचारों का आदान-प्रदान ही नहीं होता है, बल्कि संप्रेषण द्वारा अनेक प्रकार के गूढ़ एवं अमूर्त सिद्धांतों का अर्थ ज्ञापन भी होता है। संप्रेषण के कई प्रकार हो सकते हैं—व्यक्ति और व्यक्ति के बीच, व्यक्ति और समाज के बीच, समाज और समाज के बीच आदि। आधुनिक वैज्ञानिक विकास के दौर में रेडियो, टी.वी, अखबार आदि संचार माध्यम संप्रेषण के वृहत् स्वरूप को उपस्थित करते हैं।

### संप्रेषण का स्वरूप

संप्रेषण भाषा का नितांत आंतरिक पक्ष है। भाषा के माध्यम से मनुष्य अपनी सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है तथा

अपनी आत्माभिव्यक्ति को लिखित या वाचिक रूप में भाषा के माध्यम से प्रकट कर समाज को संप्रेषित करता है। अत: भाषा के अध्ययन एवं विश्लेषण के संदर्भ में संप्रेषण के अध्ययन से उसके विविध पक्षों की जानकारी मिलती है। संप्रेषण द्वारा भाषा के सामाजिक स्तर-भेद से अवगत हुआ जा सकता है। आंगिक चेष्टाओं द्वारा प्रेषणीयता का अर्थ पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाता है, लेकिन बोलते समय ये आंगिक क्रियाएँ अभिव्यक्ति को मजबूती प्रदान अवश्य करती हैं। अत: संप्रेषण का सबसे सशक्त माध्यम भाषा है तथा इस भाषिक संप्रेषण के भी कई पक्ष हैं, जो सामाजिक-सांस्कृतिक प्रकार्यों से संबंधित हैं। अर्थात् भाषा की प्रयुक्ति संबंधी विशेषताएँ, जैसे–कार्यालय, विज्ञापन, प्रशासनिक कार्यों आदि के संदर्भ में भाषा का किसी खास अर्थ के सापेक्ष प्रयोग, संप्रेषण एवं भाषा के विविध प्रयोजनों को दर्शाती है।

संप्रेषण-व्यवहार में एक पूरी व्यवस्था कार्य करती है। वक्ता, श्रोता, माध्यम (वायु) तथा संदेश के होने पर ही संप्रेषण पूर्ण होता है। किन्तु संप्रेषण का एक भौतिक पक्ष भी है, जिसमें माध्यम की विविधता के कारण संप्रेषण के स्वरूप में विस्तार हुआ है। आदिकाल में व्यक्ति-व्यक्ति के बीच संप्रेषण का व्यवहारजन्य उपयोग होता था परंतु आधुनिक युग में व्यावसायिक प्रयोजनों ने संप्रेषण को संचार के व्यापक पटल पर उपस्थित कर इसे सामूहिक एवं वैश्विक रूप प्रदान किया है, जैसे-टेलीफोन, अख़बार, रेडियो, इंटरनेट, टी.वी. इत्यादि।

समाज में भाषा का प्रयोग संप्रेषण के रूप में ही होता आया है, भले ही संप्रेषण के प्रयोजन अलग-अलग रहे हों। सम्राट अशोक अपने शिलालेखों के माध्यम से जनता को संप्रेषित करते थे तो कई राजाओं ने ताम्रपत्रों एवं मुनादी (नगाड़े की आवाज के साथ सूचना) के माध्यम से किसी विशेष अवसर पर विशेष सूचना देने का कार्य किया।

वस्तुत: संप्रेषण के 'विश्वग्राम' वाले कॉन्सेप्ट में अनेक स्वरूप हो गए हैं। फिर भी इसका मूल उद्देश्य संदेश को पहुँचाना ही रहा है। भाषा के अनुवाद का जब सवाल खड़ा होता है तो संप्रेषण को ही ध्यान में रखकर उसे अनूदित किया जाता है।

## संप्रेषण साधना

किसी अभिप्रायपूर्ण संदेश की सिद्धि तभी संभव होगी, जबकि उसके उद्देश्य अर्थ का संप्रेषण पूर्ण होगा। संप्रेषण एक प्रायोजनिक भाषिक संदेश का प्रसारण है, जिसकी प्रेषणीयता एक क्रमिक प्रक्रिया के द्वारा गुजरती है तथा श्रोता में प्रतिक्रिया उत्पन्न करती है। सफल संप्रेषण के लिए अनिवार्य शर्तें निम्नलिखित हैं–

(क) भाषायी दक्षता।

(ख) वक्ता, श्रोता, संदेश और माध्यम।

(ग) संदर्भ, प्रयोजन एवं रुचि।

**(क) भाषायी दक्षता–**भाषाई दक्षता से तात्पर्य यह है कि संदेश प्रसारित करने वाला एवं ग्रहण करने वाला, दोनों ही पक्षों को प्रसारित भाषा का ज्ञान होना चाहिए। यह ज्ञान यदि केवल कामचलाऊ है तो महज कुछ संदेश ही संप्रेषण को प्राप्त हो सकेंगे। गूढ़ एवं जटिल संरचनात्मक अभिव्यक्ति को श्रोता तभी समझ सकेगा जब वह प्रयोग की भाषा में कुशल या दक्ष होगा।

**(ख) वक्ता, श्रोता, संदेश और माध्यम–**किसी भी विचार का आदान-प्रदान बिना वक्ता, श्रोता और माध्यम (चैनल) के संभव नहीं है। यदि व्यक्ति स्वयं चिंतन करता है तो उच्चारण की आवश्यकता नहीं होगी और इसे एकालाप या बड़बड़ाना कहेंगे, वहीं इन उपर्युक्त उपादानों की उपस्थिति से संप्रेषण की सिद्धि होती है।

**(ग) संदर्भ, प्रयोजन एवं रुचि–**संप्रेषणीयता के लिए संदर्भ का होना अत्यंत जरूरी है। बिना किसी संदर्भ के व्यक्ति अगर संदेश देता भी है तो वह अनावश्यक प्रलाप के सिवा कुछ नहीं होगा। साथ ही प्रयोजन एवं रुचि वक्ता और श्रोता के बीच गंभीरता लाती है और संदेश की प्रतिक्रिया भी होती है। अत: भाषा की संप्रेषण साधना एक विशिष्ट प्रक्रम है, जो साधारणत: अभिभाषण के दौरान सुचारु रूप से चलती रहती है।

## संप्रेषण का तकनीकी पक्ष

भाषिक संप्रेषण व्यवहार में प्रतीक वह माध्यम है, जो अमूर्त भावों अथवा विचारों को एक खास कोड के द्वारा छवि-चित्र या दृश्य के रूप में मानसपटल पर उपस्थित करता है। यह एक संपूर्ण मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें मस्तिष्क ध्वनि-प्रतीकों की व्यवस्थित इकाई को एक विशिष्ट स्वरूप प्रदान करता है, जिससे हम उच्चरित कथ्य को समझ पाते हैं। अत: भाषा एक कोड-व्यवस्था है, जिससे अर्थ का संप्रेषण कोड खुलने पर ही पता चलता है। इस कोड-व्यवस्था की संरचनात्मक जानकारी होनी आवश्यक है। भाषा ज्ञान, भाषा की कुशल अभिव्यक्ति, संदेश का अर्थपूर्ण प्रसारण एवं चैनल की व्यवधान रहित उपस्थिति भाषा संप्रेषण के तकनीकी पक्ष हैं।

भाषा की संरचना व्यवस्था में ध्वनि, पद, वाक्य की एक व्याकरणिक व्यवस्था होती है, जो संदेश को मूर्त रूप प्रदान करती है। इसमें यदि परिवर्तन किया जाएगा तो अवश्य ही उसके अर्थ में अंतर हो जाएगा। अत: संदेश का सही अर्थ में संप्रेषण तभी संभव है जब भाषा व्याकरणिक दोषों से मुक्त हो। इसके साथ ही कभी-कभी व्यक्तिगत दोष अर्थात् वाचन की अपूर्णता या वागेन्द्रिय दोष संदेश, संप्रेषण में दोष उत्पन्न कर देते हैं।

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



माध्यम (चैनल) के रूप में सामान्य प्रयुक्त माध्यम वायु है, जो ध्वनि को श्रोता तक पहुँचाती है। यदि वक्ता और श्रोता के बीच आवश्यकता से अधिक दूरी होगी तो अवश्य ही संप्रेषण में बाधा उत्पन्न होगी। साथ ही जब भीड़-भाड़ अथवा शोरगुल भरे वातावरण में माध्यम में व्यवधान उत्पन्न होगा। संप्रेषणीयता के अन्य माध्यमों में संचार सुविधा के रूप में टेलीफोन, रेडियो, टी.वी. आदि में भी 'टेक्नीकल' खराबी हो सकती है।

अत: संप्रेषण का तकनीकी पक्ष एक तो कोडबद्धता एवं डिकोडिकरण है, जो व्यक्ति स्तर की तकनीक है तो दूसरा इसके सामाजिक स्वरूप के संचार माध्यमों में उपस्थित होता है, जो कि विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी का व्यवधान है। इस प्रकार संदेश की सही संप्रेषणीयता के लिए कोड व्यवधान के बावजूद अर्थ ग्रहण करने की क्षमता विकसित करने से श्रोता अनुमान के द्वारा सही अर्थ को ग्रहण कर सकता है।

## संप्रेषण का सामाजिक परिप्रेक्ष्य

भाषा सामाजिक होती है। भाषा का अर्जन समाज से होता है और उसका विकास भी समाज के संदर्भ में ही होता है। भाषा की अर्थवत्ता सामाजिक संदर्भ से ही है। भाषा संप्रेषण का साधन है। संप्रेषण की क्रिया समाज के अंदर ही संभव होती है। निरर्थक शब्द या भाषा या एकालाप की कोई सार्थकता नहीं होती। संप्रेषणीयता भाषा की अनिवार्य शर्त है। समाज भाषाविज्ञान संप्रेषण को महत्त्व देते हुए भाषिक संप्रेषण के आधार पर समाज के अंतर्गत होने वाले परिवर्तनों एवं सांस्कृतिक विविधता का अध्ययन-विश्लेषण करता है। प्रत्येक समाज की अपनी अलग भाषा होती है अथवा प्रत्येक भाषिक समाज की अपनी अलग कोड संरचना होती है।

संप्रेषण के साधनों में समाज के अंतर्गत अनेक स्तर भेद दिखाई पड़ते हैं। लिखित एवं वाचिक भाषिक संप्रेषण से किसी समाज में उपस्थित भाषा के विविध प्रयोजनों का पता चलता है। साथ ही एक ही समाज के अंतर्गत भाषा के कई रूप नजर आते हैं, जो अपनी प्रेषणीयता की दृष्टि से उच्च एवं निम्न कोड का निर्धारण करते हैं। लिखित भाषा के रूप में, इतिहास, दर्शन, विज्ञान आदि गूढ़ विषयों के साथ-साथ समाज की सांस्कृतिक परंपरा को भी संप्रेषित करती है वहीं वाचिक भाषा, विचार-विनिमय, भाषण आदि के संदर्भ में प्रयुक्त होती है।

भाषा के इन दोनों सामाजिक संदर्भों में एक खास व्याकरणिक व्यवस्था होती है, जो अर्थ-संप्रेषण करती है। भले ही वाचिक या उच्चरित भाषा में विचलन की प्रक्रिया तीव्र होती है लेकिन दोनों ही रूपों में तब तक संप्रेषण संभव नहीं है जब तक कि उनकी अपनी सुनिश्चित प्रणाली न हो। इसी प्रकार कहा जाता है कि समृद्ध भाषा में ही यह व्याकरणिक व्यवस्था होती है जबकि यह सत्य नहीं है। उदाहरणस्वरूप, छोटे-से-छोटे समूह में भी बोली जाने वाली भाषा (बोली) में भी एक व्यवस्था होती है एवं आदिवासियों व जनजातियों की बोलियों में भी प्रत्येक भाषा की भाँति शब्द और वाक्य स्तर पर व्यवस्था होती है। यहाँ तक कि कृत्रिम भाषा 'एस्पेरेंतो' में भी या फिर व्यावसायिक एवं कूट भाषा में भी एक खास व्यवस्था होती है। कहने का मतलब है कि भाषा-शिक्षण एवं भाषा-व्यवहार के लिए भाषा में व्यवस्था का होना अनिवार्य शर्त है तभी समाज में भाषा स्वीकृत या व्यवहृत होती है।

## संप्रेषण के बढ़ते चरण

समाज के विकास के साथ-साथ संप्रेषण के स्वरूप में भी विस्तार होता गया और संप्रेषण व्यक्ति स्तर से, समाज स्तर तक और समाज स्तर से संपूर्ण विश्व को संबोधित करने में सक्षम हो गया। संप्रेषण के वैश्विक विस्तार को सफल बनाने में माध्यम की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है, जो संचार (communications) के नाम से जाना जाता है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास ने संप्रेषण में क्रांति ला दिया है, जिसने सूचना एवं संचार के आधुनिक उपकरणों के माध्यम से संप्रेषण में व्यापक अभिवृद्धि एवं विशाल जन-समूह को एकजुट करने में सफलता पाई है। इसी की देन हैं–सूचना समाज, संचार, दूरसंचार, जनसंचार, इत्यादि।

**सूचना-समाज** (The Information Society)–सूचना-समाज एक आधुनिक सामाजिक विकास का चरण है। संचार माध्यमों में हुए आमूल-चूल परिवर्तन तथा नए वैज्ञानिक उपकरणों के प्रयोग से संप्रेषण के क्षेत्र में व्यापक विस्तार हुआ और प्रत्येक व्यक्ति इस 'ग्लोबलाइजेशन' की धारा में सम्मिलित हो गया। आज किसी घटना विशेष की सूचना का दूरी से कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। चाहे अमेरिका की कोई घटना या संबोधन हो, या फिर स्विट्जरलैण्ड में कोई बैठक हो रही हो, उसका सम्पूर्ण क्रियाकलाप हम घर बैठे टी.वी. या इंटरनेट पर देख सकते हैं।

आधुनिक वैज्ञानिक युग में सूचना एवं प्रौद्योगिकी (Information Technology) के विकास ने 'विश्वग्राम' की अवधारणा को सार्थक किया है। इस क्रांतिकारी विकास ने जहाँ एक ओर विश्व संबोधन का मार्ग प्रशस्त किया है वहीं दूसरी ओर ज्ञान-विज्ञान, फैशन, दर्शन, राजनीति, आर्थिक, सामाजिक आदि सभी प्रकार की जानकारी को व्यक्ति के लिए सुलभ बना दिया है। चाहे कृषि के क्षेत्र में जानकारी प्राप्त करनी हो या स्वास्थ्य संबंधी, सभी का प्रसारण आसानी से उपलब्ध हो गया है। इस सुविधा ने समाज के प्रत्येक क्षेत्र में व्यक्ति को एक-दूसरे से संबोधित किया है।

सूचना समाज की इस नयी व्यवस्था में प्रत्येक भाषा समाज अपने से अलग समाज तथा संस्कृति के संपर्क में आती है और

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



संप्रेषण के लिए आवश्यक कोड की जानकारी प्राप्त करना चाहती है। अतः सूचना समाज ने न केवल ज्ञानवृद्धि में सहायता प्रदान किया है बल्कि पूरे विश्व की भाषिक व्यवस्था को प्रभावित किया है, जिससे बहुभाषिक समाज का जन्म हो रहा है और संप्रेषणीयता के अनिवार्य साधन के रूप में शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया भी व्यापक रूप में विस्तार प्राप्त कर रही है।

**संचार** (Communication)–संचार का तात्पर्य है वहन करना या संदेश देना। अर्थात् विचारों के सशक्त माध्यम के रूप में संचार की उपयोगिता संदेश के संचरण के महत्त्वपूर्ण कारक के रूप में है। किसी भी संदेश को प्रसारित करने के अनिवार्य तत्त्व चैनल के रूप में रेडियो, टेलीफोन, टी.वी., अखबार आदि ने जिस क्रान्तिकारी सूचना संप्रेषण की अभिवृद्धि की है, उससे संचार की महत्ता का पता चलता है। संचार को एक प्रकार से संप्रेषण कहा जा सकता है। इस संचार का लक्ष्य भी संप्रेषण ही है। संचार वह माध्यम है जिसमें संगठित क्रिया द्वारा तथ्यों, सूचनाओं, विचारों, विकल्पों एवं निर्णयों का दो या अधिक व्यक्तियों के मध्य अथवा व्यावसायिक उपक्रमों के मध्य आदान-प्रदान होता है। संदेशों का आदान-प्रदान लिखित, मौखिक अथवा सांकेतिक हो सकता है। बातचीत, विज्ञापन, रेडियो, टेलीविजन, समाचार-पत्र, ई-मेल आदि कुछ भी माध्यम हो सकता है।

**दूरसंचार** (Tele-communication)–मनुष्य के विचारों की अभिव्यक्ति मौखिक रूप से सीमित दूरी तक ही पहुँच पाती थी लेकिन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने इसका विस्तार दुनिया के एक छोर से दूसरे छोर तक कर दिया है। अब प्रयोक्ता अपनी बातों को एक साथ पूरे संसार के लोगों तक पहुँचा सकता है तथा भारत से अमेरिका में रह रहे अपने दोस्त अथवा संबंधी से बातचीत कर सकता है। दूरसंचार माध्यम से लिखित संप्रेषण को भी विस्तार प्राप्त हुआ है। M.M.S, S.M.. E-mail आदि माध्यमों से लिखित संप्रेषण का भी व्यापक प्रसार हुआ है।

किसी भी संदेश के संचरण की तीव्रता एवं उसकी व्यापकता माध्यम पर निर्भर करती है। वायु के माध्यम से मुख से उच्चरित ध्वनि को विश्व के कोने-कोने तक पहुँचाने के लिए 'चैनल' की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। दूरसंचार एक प्रकार के चैनल का कार्य करता है, जिसके साधन रेडियो, टेलिफोन, इंटरनेट, अखबार आदि हैं।

**जनसंचार** (Mass Communication)–संप्रेषण जब व्यक्तिगत स्तर से विस्तृत होकर सामाजिक स्तर तक पहुँच जाता है तब उसे जनसंचार (Mass Communication) कहते हैं। यह जनसंचार संबोधन का ऐसा व्यापक स्वरूप है, जिसमें समाज को एक साथ संबोधित किया जाता है। प्राचीन काल में भी जनसंचार के लिए शिलालेख, भोजपत्र, लेख, ताम्रपत्र, लेख इत्यादि की व्यवस्था होती थी परंतु ये सब एक सीमित समाज को ही संबोधित कर पाती थीं। जनसंचार एक अतिविकसित आधुनिक संप्रेषण व्यवस्था है जिसमें संचार माध्यमों की सुविधाजनक बोधगम्यता ने संपूर्ण मानव समाज को एक साथ लाकर खड़ा कर दिया है। जनसंचार दूरसंचार का ही विकसित एवं व्यापक स्वरूप है। इस प्रकार का संप्रेषण लिखित एवं मौखिक दोनों ही है। टेलीविजन, अखबार, रेडियो, इंटरनेट, रिपोर्ताज आदि साधनों ने जनसामान्य तक प्रत्येक जानकारी को सुलभ कराने का कार्य किया है।

पिछले दो दशकों में प्रौद्योगिकी में हुए विकास के परिणामस्वरूप सूचना एवं प्रसारण के क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। इस प्रक्रिया में 'सेटेलाइट' का विशेष महत्त्व है जिसने पूरे विश्व को एक मंच पर ला खड़ा किया है। भारत में जनसंचार के माध्यमों के रूप में प्रसार भारती, आकाशवाणी, दूरदर्शन, डी.डी. मेट्रो, डी.डी. इण्डिया, ज्ञानदर्शन आदि सरकारी प्रयास हैं तो प्रेस एवं प्रिण्ट मीडिया, यूनाइटेड न्यूज आफ इंडिया, प्रकाशन विभाग आदि लिखित प्रयास हैं।

**संप्रेषण और संचार में अंतःसंबंध**–संप्रेषण एक क्रिया व्यवहार है, जो मनुष्य-मनुष्य के बीच विचारों का आदान-प्रदान करता है। ध्वनित इकाइयों की व्यवस्थित प्रणाली के माध्यम से कोड द्वारा भावों का अर्थ-ज्ञापन ही संप्रेषण कहलाता है। अर्थात् किसी भी समाज में भाषा प्रयोक्ता के भाषण का लक्ष्य अपने विचारों का संप्रेषण ही होता है। संप्रेषण दो प्रकार के हो सकते हैं-मौखिक और लिखित। इस संप्रेषण व्यवस्था में सही अर्थ ज्ञापन हेतु कुछ अनिवार्य शर्तें आवश्यक हैं–वक्ता, श्रोता, माध्यम एवं संदेश। इनमें से किसी की भी अपूर्णता संप्रेषण में अवरोध उत्पन्न कर सकती है।

संचार एक आधुनिक विकसित माध्यम है। संप्रेषण एवं संचार को अंग्रेजी में Communication कहा जाता है। संचार एक प्रकार से संप्रेषण है किन्तु इनमें कुछ तात्त्विक अंतर भी आ जाते हैं। संप्रेषण की क्रिया में जहाँ पूर्ण अर्थ का द्योतन होता है वहीं संचार अपने चैनलों की महत्ता से अर्थ का द्योतन करता है। वस्तुतः संचार के अंतर्गत आने वाले उपादान–दूरसंचार, जनसंचार आदि संप्रेषण के ही विस्तृत स्वरूप हैं।

## भाषा शिक्षण में संप्रेषण का उपागम

भाषा के संप्रेषणपरक पक्ष को विकास देने वाले भाषाविदों क्रिस्टोफर केन्डलिन और हेनरी विडोसन ने ब्रिटेन के प्रकार्यात्मक भाषाविदों फर्थ और हैलिडे के चिंतन के कुछ बिन्दुओं के आधार पर यह विशाल भवन खड़ा किया। भाषा-शिक्षण की इस विधि को संप्रेषणपरक भाषा शिक्षण नाम दिया। भाषा अर्जन संप्रेषण के माध्यम से ही होता है।

www.neerajbooks.com